दैनिक भास्कर

इंदौर, बुधवार 12 अगस्त, 2015 8

साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूकता जरूरी

समाधान अभियान प्रशिक्षण में आईजी कपूर बोले

साइबर क्राइम के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में जानकारी देते आईजी कपूर।

भास्कर संवाददाता. इंदौर

कम्प्यूटर और इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के साथ साइबर क्राइम में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसलिए इसका इस्तेमाल करते वक्त सावधानी रखना भी जरूरी है। कई बार लोग अनजाने में ही साइबर क्राइम कर बैठते हैं या इसका शिकार हो जाते हैं। इससे बचने का एकमात्र रास्ता है जागरूकता। हम जागरूक होंगे तो ऐसी स्थिति से बच सकते हैं।

यह बात पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) के डायरेक्टर व आईजी वरुण कपूर ने कही। वे मंगलवार को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे 'समाधान' अभियान के तहत मरॉल ओवरसीज लि. व सेंचुरी टेक्सटाइल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला में आईजी ने साइबर अपराध क्या है, इनसे कैसे बचा जाए और वर्चुअल दुनिया में कैसे सुरक्षित रहें, इस बारे में जानकारी दी। साथ ही लोगों की जिज्ञासाओं को शांत किया। उन्हें बैंकिंग फ्रॉड, एटीएम फ्रॉड से बचने के उपाय भी बताए। पीआरटीएस अधीक्षक सुदीप गोयनका ने अधिकारियों को पासवर्ड बनाने व उसे सुरक्षित रखने, स्टॉकिंग एवं आईटी एक्ट आदि के बारे में जानकारी दी। मरॉल ओवरसीज के प्रेसीडेंट सुरेश माहेश्वरी और सेंचुरी टेक्सटाइल के एचआरडी मैनेजर अनिल कुमार अग्रवाल ने अभियान की सराहना करते हुए आईजी कपूर को प्रशंसा पत्र दिया। आईजी ने बताया प्रदेशभर के स्कूल, कॉलेज और अन्य संस्थानों में ब्लैक रिबन इनीशिएटिव के तहत यह अभियान जारी रहेगा।